यूटीयू के सभी कैंपस में बलिदानी सैनिक आश्रितों के लिए बीटेक में प्रवेश शुरू

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के संचालित सभी कैंपस कालेजों में बलिदानी सैनिक आश्रितों के लिए बिना शिक्षण शुल्क प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। पात्र अभ्यर्थी पांच अगस्त 2023 तक विवि की वेबसाइट www.uktech.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं।

यूटीयू के कुलसचिव प्रो. सत्येंद्र सिंह ने आवेदन प्रक्रिया जारी कर बताया कि बलिदानी सैनिक के पुत्र, पुत्री या पत्नी/पति चार वर्ष की अवधि के लिए बीटेक पाठ्यक्रम में बिना शिक्षण शुल्क प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। यूटीयू के कैंपस कालेजों में बीटेक की एक-एक और यूटीयू परिसर में साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम की एक सीट पर आश्रितों को प्रवेश मिलेगा। प्राप्त आवेदनों की 12वीं परीक्षा में प्राप्तांकों की मेरिट तैयार कर विकल्पों के आधार पर सीट आवंटित की जाएंगी।

- दाखिले में जेई मेंस-2023 रैंकधारियों को दी जाएगी वरीयता
- 12वीं परीक्षा के प्राप्तांकों की मेरिट आधार पर होंगी सीट आवंटित
- बलिदानी के आश्रित को प्रवेश लेने पर ट्यूशन फीस नहीं देनी होगी

आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज

आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल परीक्षा का प्रमाण पत्र, इंटरमीडिएट परीक्षा की अंकतालिका, जेई मेंस-2023 का रैंक कार्ड (यदि जेई मेंस में सम्मलित हुए हों) उत्तराखंड राज्य का स्थायी निवास प्रमाण पत्र, भारतीय सेना की ओर से कार्य के दौरान बलिदान होने संबंधी प्रमाण पत्र, मृतक आश्रित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

आफलाइन आवेदन पत्र भी स्वीकार होंगे

आनलाइन आवेदन के अलावा अभ्यर्थी आफलाइन यानी डाक/ बाय हैंड के माध्यम से भी कुलसचिव वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून-248007 के पते पर आवेदन पत्र भेज सकते हैं।

विवि के इन कैंपस संस्थान में मिलेगा प्रवेश

- वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि परिसर देहरादून
- डीएचटीसी इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी नई टिहरी
- इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी गोपेश्वर, चमोली
- डा. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी टनकपुर
- नन्हीं परी सीमान्त इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़
- महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून (केवल महिलाओं के लिए)